भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः 3032
उत्तर देने की तारीखः 15.03.2021

निष्ठा कार्यक्रम

†3032. श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डीः
श्री पी. वी. मिधुन रेड्डीः
कुमारी गोड्डेति माधवीः
डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवतीः
श्री एम.वी. वी. सत्यनारायणः
श्री एन. रेड़डप्पः
श्री श्रीधर कोटागिरी:

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) शिक्षक प्रशिक्षण हेतु निष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत हुई प्रगति का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) देश में शिक्षकों को कौशल विकास और नेतृत्व प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए किए जा रहे अन्य उपायों का ब्यौरा क्या है; और
(ग) इस संबंध में आंध्र प्रदेश राज्य के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर
शिक्षा मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क): 21 अगस्त, 2019 को शुरू किए गए नेशनल इनिशिएटिव फॉर स्कूल हेड्स एंड टीचर्स होलिस्टिक एडवांसमेंट (एनआईएसटीएचए) कार्यक्रम के तहत, प्री-लॉकडाउन चरण में फेस टू फ़ेस मोड में राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के लगभग 23000 प्रमुख संसाधन व्यक्तियों और 17 लाख प्रारम्भिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

हालाँकि, कोविड-19 चुनौतियों के कारण और प्रारम्भिक स्तर पर शिक्षकों को निरंतर सीखने के अवसर प्रदान करने के लिए, इस विभाग ने सभी प्राथमिक शिक्षकों तक पहुँचने के लिए

अक्टूबर 2020 को दीक्षा प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए निष्ठा ऑनलाइन की शुरूआत की है। 30 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों ने निष्ठा ऑनलाइन आरंभ किया है। 4 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र नामतः लक्षद्वीप, सिक्किम, तमिलनाडु और तेलंगाना ने पहले ही फेस टू फेस मोड में निष्ठा प्रशिक्षण को पूरा कर लिया है और केरल और पश्चिम बंगाल ने अब तक शुरू नहीं किया है। ऑनलाइन निष्ठा माड्यूल के लिए लगभग 23 लाख शिक्षकों ने नामांकन किया है।

(ख): समग्र शिक्षा - स्कूल शिक्षा के लिए एक एकीकृत योजना के तहत - शिक्षकों, स्कूल प्रमुखों, विषय शिक्षकों, संसाधन व्यक्तियों, मास्टर प्रशिक्षकों, शिक्षा प्रशासकों, शिक्षक शिक्षकों, प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के सेवाकालीन प्रशिक्षण और प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर नए भर्ती हुए शिक्षकों के लिए प्रेरण प्रशिक्षण हेतु सहायता प्रदान की जाती है। स्वयम और दीक्षा प्लेटफॉर्म पर डिजिटल माध्यम से भी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाता है।

सीआईईटी - एनसीईआरटी छात्रों, शिक्षकों, शिक्षक शिक्षकों और शोधकर्ताओं द्वारा प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में कौशल के संवर्धन के लिए 07 अप्रैल, 2020 से वेबिनार की एक श्रृंखला का आयोजन कर रहा है। इन वेबिनारों में शिक्षा में शैक्षिक प्रौद्योगिकी (ईटी) और सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) से संबंधित विभिन्न विषयों को कवर किया गया हैं। वेबिनार में ई-सामग्री के निर्माण और प्रसार, सामग्री-शिक्षा-प्रौद्योगिकी एकीकरण, शिक्षण-अधिगम और मूल्यांकन में आईसीटी का उपयोग, ओईआर, विभिन्न आईसीटी उपकरणों का उपयोग, एआर/वीआर सामग्री का निर्माण, साइबर सुरक्षा और संरक्षा, मोबाइल ऐप और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित प्लेटफॉर्म आदि के उपयोग से संबंधित विषय शामिल किए गए हैं।

(ग): कोविड-19 महामारी की स्थिति के दौरान, शिक्षकों के ऑनलाइन सतत व्यावसायिक विकास (सीपीडी) के लिए प्रायोगिक के रूप में, आंध्र प्रदेश के राज्य संसाधन समूहों के लिए निष्ठा प्रशिक्षण 16 जुलाई 2020 को शुरू किया गया और 16 जुलाई - 15 सितंबर 2020 तक 1200 एसआरजी सदस्यों के लिए ऑनलाइन आयोजित किया गया। अब तक, आंध्र प्रदेश राज्य से दीक्षा पर निष्ठा ऑनलाइन में लगभग 1,03,663 शिक्षकों ने नामांकन किया है, जिसमें से लगभग 92% ने पाठयक्रम पूरा कर लिया है।

*****